>

Title: Need to accord approval to Hathnikund Link Channel -II project in Kairana Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh-laid.

श्री प्रदीप कुमार चौधरी (कैराना): मेरे संसदीय क्षेत्र कैराना के अंतर्गत आने वाली विधानसभा नकुड़, गंगोह एवं शामली में वाटर लेवल बहुत नीचे पहुँच गया है । जिससे किसानों को कृषि भूमि में सिंचाई करने हेतु कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है जिससे पर्याप्त रूप से फसल की पैदावार ठीक प्रकार से नहीं हो पा रही है । वॉटर लेवल बहुत नीचे होने के कारण ट्यूबवैल से पानी निकाल पाना संभव नहीं हैं । इस समस्या को लेकर क्षेत्रवासियों द्वारा लगातार मांग की जा रही है । पिछले कई वर्षों से हथनीकुण्ड लिंब चैनल टू परियोजना में नहर को निकलवाने का प्रस्ताव भी चल रहा है।

अतः सरकार से मांग है कि किसानों की इस गंभीर समस्या को दृष्टिगत रखते हुए विधानसभा नकुड़, गंगोह एवं शामली में नहर हेतु हथनीकुण्ड लिंक चैनल टू के नाम से प्रस्तावित परियोजना को स्वीकृत कराने की कृपा करें ।